संख्या- 41/2016/2234/33-3-2016-254/2016

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- निदेशक,
पंचायतीराज उ0प्र0 लखनऊ।
2- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी,
उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 29 अगस्त, 2016

विषयः- विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2017 मतदेय स्थलों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं **Basic Minimum Facilities** उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव,उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-695/61-2016 दिनांक 12.08.2016 की छायाप्रति संलग्नकर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन2017 का चुनाव सम्पन्न होना हैं वर्तमान में प्रदेश में लगभग 1,40,259 मतदेय स्थल है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के उपरान्त मतदेय स्थलों की संख्या में वृद्धि सम्भावित है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।मतदेय स्थलों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधायें यथा रैम्प, पेयजल,फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, सहायता पटल, उचित संकेतन, प्रसाधन उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 20.06.2016 तथा 05.07.2016 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक आयोजित कर सभी संबंधित विभागो को आयोग के निर्देशों से अवगत कराया जा चुका है तथा जिन मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है, उसकी सूची भी उपलब्ध करायी गयी है।

अतः इस संबंध में अनुरोध है कि मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी से समन्वय स्थापित करने यथा शीघ्र सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने हेतु कार्यवाही करने का कष्ट करें, जिससे विधान सभा निर्वाचन-2017 को सकुशल कराने में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो।

संलग्नकः-यथोक्त।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांकः- तदैव।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त मण्डलायुक्त,उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी,उ0प्र0।
3. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0),उ0प्र0।
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव,उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-695/61-2016 दिनांक 12.08.2016 के सन्दर्भ में।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस0पी0सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in